**भारत सरकार**

**रक्षा मंत्रालय**

**रक्षा विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2089**

**04 मार्च, 2020 को उत्तर के लिए**

**विशेष ऑपरेशन डिविजन**

**2089. श्री अबु हसीम खान चौधरी:**
**श्रीमती अपराजिता सारंगी:**
**श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा:**

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) समेकित रक्षा स्टाफ के अंतर्गत प्रस्तावित सशस्त्र बल विशेष ऑपरेशन डिविजन , साइबर एजेंसी, स्पेस एजेंसी के संचालन के स्तर का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त तीन एजेंसियों की स्थापना में शामिल अपेक्षित वित्तीय परिव्यय कितना हैं;

(ग) तीनों एजेंसियों में से प्रत्येक का अधिदेश क्या है ;

(घ) क्या विशेष ऑपरेशन्स डिविजन को अपने अभियान संचालित करने के लिए इसकी कमांड के अंतर्गत अपना हेलिकॉप्टर, विमान और विशेष हथियार होंगे; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)**

**(क) से (ड.):** तीनों एजेंसियों अर्थात सशस्त्र बल विशेष ऑपरेशन डिवीजन , साइबर एजेंसी और स्पेस एजेंसी के संचालन के लिए कार्रवाई पहले ही शुरू की जा चुकी है और समुचित वित्तीय सहायता के साथ समय सारणी के अनुसार इसमें प्रगति की गई है । इस बारे में और अधिक ब्यौरा देना राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में नहीं होगा ।

******